संस्कृत विभाग एवं संस्कृत साहित्य परिषद के अंतर्गत 'संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 20-04-2026 संस्कृत विभाग एवं संस्कृत साहित्य परिषद के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्रों को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए एक भव्य **'संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता'** का आयोजन अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता और महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता और के कुशल मार्गदर्शन में किया गया । किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय रामायण, महाभारत और श्रीमद्भगवद्गीता रखा गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को तीन मुख्य चरणों में विभाजित किया गया था:
रामायण राउंड: भगवान राम के जीवन और आदर्शों से जुड़े प्रश्न पूछे गए।
महाभारत राउंड: कुरुक्षेत्र के युद्ध और कूटनीति पर आधारित कठिन सवाल रहे।
गीता संदेश राउंड: जीवन प्रबंधन और श्रीकृष्ण के उपदेशों पर केंद्रित सत्र।

प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों (BA, B.Sc, B.Com) की टीमों ने भाग लिया । इस आयोजन से छात्रों में भारी उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से उन्हें अपनी जड़ों को समझने और प्राचीन ग्रंथों के गूढ़ रहस्यों को जानने का अवसर मिलता है। संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ० पूजा सैनी के नेतृत्व में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीम-3 (नीकिता,तानिया,शीतल,नेहा,अंशिका,रानी) रही ।

इस प्रतियोगिता से 36 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आधुनिक युग में छात्रों के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि रामायण के आदर्श, महाभारत की रणनीतियां और गीता का निष्काम कर्म योग उनके चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य हैं।